रोल नं. ....................

**1101**

# कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2023-24

## हिन्दी

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23) (कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 07)

(समय : 03 घण्टे) (पूर्णांक : 80)

---

*निर्देश –*

*(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 30 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 75 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं, शब्द सीमा 120 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।*

*(6) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1X6=6)

(i) 'नमक का दरोगा' कहानी का प्रकाशन वर्ष है –

(अ) 1904 (ब) 1914

(स) 1924 (द) 1934

(ii) नान बाइयों का मसीहा कौन थे?

(अ) मियाँ बरकत (ब) मियाँ कल्लन

(स) मियाँ रहमत (द) मियाँ नसीरुद्दीन

(iii) 'पथेर पांचाली' फिल्म में अप्पू की भूमिका निभाई थी –

(अ) अनिल बाबू (ब) सुधीर बनर्जी

(स) श्रीनिवास (द) भूपेन बाबू

(iv) रीतिकाल का समय काल है –

(अ) 1050 से 1375 तक (ब) 1375 से 1700 तक

(स) 1700 से 1900 तक (द) 1900 से आजतक

(v) कबीर की भाषा को कहा जाता है –

(अ) ब्रजभाषा (ब) बुंदेलखंडी भाषा

(स) सधुक्कडी भाषा (द) परिष्कृत भाषा

(vi) निम्नलिखित में मीराबाई की रचना है –

(अ) रसिक प्रिया (ब) राग गोविंद

(स) साहित्य लहरी (द) मदनाष्टक

प्र.2 रिक्त स्थानों में सही शब्द का चयन कर लिखिए। (1X7=7)

(i) काव्य में सधुक्कड़ी भाषा के प्रयोग ...................................ने किया है।

(कबीरदास / तुलसीदास)

(ii) दुनिया सोती थी, पर दुनिया की ...................................जागती थी।

(अक्ल / जीभ)

(iii) इंदिरा ठकुराइन की भूमिका निभाने वाली .....................उम्र की चुन्नीवाली थी।

(80 / 90)

(iv) पंडित आलोपादीन का ...................................पर अखण्ड विश्वास था।

(भगवान / लक्ष्मी)

(v) समाचार पत्र–पत्रिकाएँ, रेडियो, टी.वी., सिनेमा व इन्टरनेट ........................ के आधुनिक माध्यम हैं। (जनसंचार / एनकोडिंग)

(vi) सरकारी पत्र ...................पत्र की श्रेणी में आते हैं। (औपचारिक / अनौपचारिक)

(vii) रसोई घर में ...................................समास हैं।

(तत्पुरुष समास / कर्मधारय समास)

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1X6=6)

| | |
|---|---|
| (i) नरसी जी को माहेरो | (अ) पूर्णमासी का चाँद |
| (ii) सेवा सदन | (ब) मीराबाई |
| (iii) पथेर पांचाली | (स) सजलता उत्सव |
| (iv) मासिक वेतन | (द) सफेद |
| (v) काश फूल | (ई) कबीर |
| (vi) कुंई की सफलता | (उ) अप्पू के साथ ढाई साल |

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(i) किस कवि को 'वाणी कर डिक्टेटर' कहा गया है?

(ii) मीरा अपने अंतिम दिनों में कहां चली गई थी?

(iii) प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राओं वाला छंद क्या कहलाता है?

(iv) वंशीधर ने किस से बैर मोल लिया था?

(v) मियां नसरुद्दीन कितने किस्म की रोटियां पकाने के लिए मशहूर थे?

(vi) साउंड रिकॉर्डिंग का काम कौन करता था?

(vii) लताजी की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?

प्र.5 सत्य/असत्य कथन लिखिए – (1×6=6)

(i) कबीर ने कर्मकांड पर करारा प्रहार किया है।

(ii) धर्म ने धन को पैरों तले कुचल डाला।

(iii) लता के गाने में करुण रस विशेष प्रभावशाली रीति से व्यक्त होता है।

(iv) कुंई का व्यास कुँए के व्यास के बराबर होता है।

(v) 'स्वागत' शब्द में गुण संधि है।

(vi) 'काला सर्प' शब्द में तत्पुरुष समास है।

प्र.6 अलंकार की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

समास की परिभाषा लिखिए।

प्र.7 वीरगाथा काल की दो विशेषताएं लिखिए। (2)

**अथवा**

रीतिकाल की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

प्र.8 प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

दो महाकाव्यों के नाम और उनके रचयिता लिखिए।

प्र.9 मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है? (2)

**अथवा**

कार्नेल को इस्तीफा क्यों देना पड़ गया?

प्र.10 शब्द शक्ति किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

शब्द गुण को परिभाषित कीजिए।

प्र.11 लता के गायन की दो विशेषताएं लिखिए। (2)

**अथवा**

लता मंगेशकर के पिताजी का क्या नाम था?

प्र.12 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला? (2)

**अथवा**

लेखिका मियां नसरुद्दीन के पास क्यों गई थी?

प्र.13 संचार क्या है? (2)

**अथवा**

संचार के प्रकारों के नाम लिखिए।

प्र.14 दृष्टांत अलंकार का उदाहरण दीजिए। (2)

**अथवा**

विशेषोक्ति अलंकार का उदाहरण दीजिए।

प्र.15 वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। (2)

**अथवा**

करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

प्र.16 शब्द शक्ति किसे कहते हैं तथा यह कितने प्रकार की होती है? (3)

**अथवा**

छन्द किसे कहते हैं? छन्द के प्रकार बताइए।

प्र.17 शब्द गुण किसे कहते हैं तथा यह कितने प्रकार की होती है? (3)

**अथवा**

रस किसे कहते है? रस के प्रकार बताइये।

प्र.18 हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बांटा गया है, समय सीमा सहित स्पष्ट कीजिए। (3)

**अथवा**

"हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल को स्वर्ग युग कहा जाता है।" क्यों?

प्र.19 चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है? (3)

**अथवा**

शास्त्रीय एवं चित्रपट दोनों तरह के संगीत के महत्त्व का आधार क्या होना चाहिए?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ प्रसंग तथा सौंदर्य बोध सहित लिखिए। (4)

हम तौ एक एक करि जानां।
दोइ कहै तिनही कौ दो जग जिन नहिनं पहिचानां।।
'एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समानां।
एकै खास गढे सब भांडै एकै कोहरा सोनां।।

**अथवा**

पग घुंघरू बांधि मीरा नाची
मै तो मेरे नारायण सूं आपिह हो गई साची
लोग कहै मीरा भइ बावरी न्यात कहै कुल नासी
विस का प्याला राणा भेजा पीवत मीरा हाँसी
मीरा के प्रभु गिरधर नागर सहज मिले अविनासी

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए। (4)

इस बार बंबई में उतरकर माई लॉर्ड! आपने जो इरादे जाहिर किए थे, जरा देखिए तो उनमें से कौन-कौन से पूरे हुए? आपने कहा था कि यहां से जाते समय भारतवर्ष को ऐसा कर जाऊंगा कि मेरे बाद आने वाले बड़े लोगों को बरसों तक कुछ करना ना पड़ेगा।

**अथवा**

फिल्म का काम आगे भी ढाई साल चलने वाला है, इस बात का अंदाजा मुझे पहले नहीं था इसलिए जैसे-जैसे दिन बीतने लगे वैसे-वैसे मुझे डर लगने लगा। अप्पू और दुर्गा की भूमिका निभाने वाले बच्चे अगर ज्यादा बड़े हो गए तो फिल्म में वह दिखाई देगा।

प्र.22 नगर पालिका/महापौर कार्यालय को नियमित सफाई न होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

बढ़ते अपराध को रोकने हेतु अपने जिले के पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र लिखें जिससे भय मुक्त वातावरण बन सके।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों पर किसी एक विषय पर रुपरेखा तैयार कर निबंध लिखिए – (4)

(i) स्वच्छता अभियान

(ii) शिक्षित बेरोजगारी की समस्या

(iii) 21वीं सदी का भारत

---